आज

विराट कोहली

वनडे सीरीज के लिए ऑकलैंड पहुंचे

गौरवशाली परंपरा का १०७ वर्ष

श्रद्धा कपूर

'ईठा' के ट्रेलर में छा गयीं

पटना, शनिवार, ३१ अक्तूबर, २०२६ सौर १२ कार्तिक सं. २०८३ वि० | वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज, कानपुर, लखनऊ, आगरा, बरेली, पटना(कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित | ★★ | नगर संस्करण १२ पृष्ठ मूल्य दो रुपये पचास पैसा

गृह मंत्रालय
भारत सरकार

शेयर करें सेल्फी वीरों के साथ
जिन्होंने दिया
नक्सल-मुक्त भारत
बनाने में योगदान

CBC 19101/13/0033/2627

आंतरिक सुरक्षा बलों का सम्मान

राष्ट्रीय एकता दिवस
31 अक्टूबर, 2026
एकता नगर, गुजरात

एक ही जगह देखें, एकता के रंग अनेक

भारत पर्व
1 से 15 नवंबर, 2026
एकता नगर, गुजरात

राष्ट्रीय एकता दिवस 31 अक्टूबर 2026 स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, एकता नगर, गुजरात

जानकारी और ठहरने की बुकिंग के लिए स्कैन करें या विज़िट करें rashtriyaektadiwas.com



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री



गंगा जल संधि में पेयजल, सिंचाई एवं उद्योगों के लिये पानी के उपयोग का अधिकार मिले

गाद के निष्कासन एवं उपयोग के लिए बिहार सरकार और एनएचएआई के बीच होगा समझौता : सीएम सम्राट

(आज समाचार सेवा)

पटना (आससे)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज पटना के चाणक्या होटल में 'गंगा जल संधि-बिहार की जल सुरक्षा' विषय पर जल संसाधन विभाग द्वारा आयोजित एक दिवसीय सेमिनार कार्यक्रम में शामिल हुये। मुख्यमंत्री ने कलश में गंगा जल डालकर इस कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया! मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार की नदियों, जल संसाधन और यहां की आबादी को राज्य की कमजोरी नहीं, बल्कि उसकी सबसे बड़ी ताकत बनाना है। यदि हम अपनी कमजोरियों को ताकत में बदलने में



सफल रहे, तो बिहार को समृद्ध राज्य बनने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा कि बिहार के समग्र विकास, कृषि के विस्तार और औद्योगिक प्रगति के लिए पर्याप्त जल की उपलब्धता अत्यंत आवश्यक है। राज्य को पीने के पानी, किसानों के खेतों की सिंचाई और उद्योगों के संचालन के लिए पानी चाहिए। गंगा जल एवं फरक्का समझौते से जुड़े विषयों में बिहार के हितों को सर्वोच्च

(शेष पृष्ठ ९ पर)

पीएम किसान सम्मान निधि के 73 लाख से अधिक किसानों के खाते में 1,476 करोड़ रुपये हस्तांतरित

(आज समाचार सेवा)

पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सम्राट अशोक कन्वेंशन केंद्र परिसर स्थित ज्ञान भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गुजरात के बनासकांठा में आयोजित प्रधानमंत्री किसान उत्सव दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। गुजरात के बनासकांठा में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किस्त के तहत देशभर के 9.34 करोड़ से अधिक किसानों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से 18,690 करोड़ रुपये से अधिक की राशि हस्तांतरित की। इसके तहत बिहार के 73 लाख से अधिक किसान परिवारों के खाते में 1,476 करोड़ रुपये की सम्मान राशि सीधे भेजी गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों की आय में व ने किसान सम्मान निधि किसानों को आर्थिक

(शेष पृष्ठ ९ पर)

नौ जिलों में लगेगा नियोजन मेला

पटना (आससे)। युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग एवं नियोजन एवं प्रशिक्षण निदेशालय की संयुक्त पहल पर नियोजन- सह- व्यावसायिक मार्गदर्शन मेला- 2026 का आयोजन राज्य के नौ जिलों में आयोजित करने के लिए सभी तरह की आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। बिहार के तकनीकी एवं गैर-तकनीकी योग्यता रखने वाले युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य के विभिन्न जिलों में नियोजन सह व्यावसायिक मार्गदर्शन मेला- 2026 का आयोजन किया जाएगा। नियोजन एवं प्रशिक्षण निदेशालय की पहल पर आगामी 2 से 6 नवंबर तक नौ जिलों में जिला स्तरीय रोजगार मेले में विभिन्न शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यताएं रखने वाले अभ्यर्थियों को निजी क्षेत्र की कंपनियों में रोजगार पाने का अवसर मिलेगा। नियोजन मेले का समय सुबह साढ़े 10 बजे से शाम 4 बजे तक निर्धारित है। इसमें भाग लेने के लिए अभ्यर्थियों को विभाग के पोर्टल निबंधन कराना अनिवार्य होगा। आयोजन स्थल पर भी निबंधन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। नियोजन मेला 2 नवंबर को बक्सर और गोपालगंज, 3 को जहानाबाद और सारण (छपरा), 4 को सीवान और कैमूर, 5 को नालंदा तथा 6 नवंबर को अररिया एवं पटना में नियोजन मेला प्रस्तावित है

भाजपा के पूर्व सांसद आरके सिन्हा का निधन

पटना में होगा एसआईएस के मालिक का अंतिम संस्कार



पटना (आससे)। भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य, पूर्व राज्यसभा सांसद, डॉ. रविन्द्र किशोर सिन्हा (आरके सिन्हा) का नोएडा स्थित आवास पर निधन हो गया है। 30 अक्टूबर शुक्रवार को नोएडा में उन्होंने अंतिम सांस ली। आर के सिन्हा लंबे समय से बीमार चल रहे थे। परिजनों की ओर

(शेष पृष्ठ ९ पर)

सीएम ने जताया शोक

पटना (आससे)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने जनसंघ एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा पूर्व राज्यसभा सांसद आरके सिन्हा के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उनका निधन अत्यंत दुखद है। पत्रकारिता, समाजसेवा एवं संगठन के प्रति उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उनका निधन राजनीतिक एवं सामाजिक जगत के लिए अपूरणीय क्षति है।

निधन पर श्रवण ने जताया गहरा शोक

पटना (आससे)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व राज्यसभा सांसद एवं एसआईएस के संस्थापक डॉ. रविंद्र किशोर सिन्हा के निधन पर ग्रामीण विकास एवं सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के

(शेष पृष्ठ ९ पर)

भ्रष्टाचार के आरोप में तीन पूर्व सीओ पर गिरी गाज

पटना(आससे)। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने अलग-अलग आरोपों में तीन अंचल अधिकारियों (सीओ) पर गुरुवार को कार्रवाई की है. इस संबंध में विभाग के मंत्री की तरफ से दंडात्मक आदेश जारी किये गये हैं. इसके तहत अरवल के कुर्था की तत्कालीन और इस समय रोहतास के विक्रमगंज की अंचल अधिकारी अलका कुमारी पर दाखिल-खारिज वाद को लगभग नौ महीने तक लंबित रखने सहित अन्य आरोप हैं. इस संबंध में विभाग की तरफ से उनको दूसरी बार शोकॉज जारी किया गया है. यह आरोप राजेश कुमार सिंह ने लगाया

(शेष पृष्ठ ९ पर)

दुलारचंद यादव हत्याकांड मामले में अनंत सिंह का सुप्रीम कोर्ट से जमानत रद्द

पटना (आससे)। दुलारचंद यादव हत्याकांड मामले में मोकामा के विधायक अनंत सिंह को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने अनंत सिंह को हाई कोर्ट से मिली जमानत को रद्द कर दिया है। कोर्ट के आदेश पर अनंत सिंह को अब जेल जाना होगा।



दुलारचंद यादव हत्याकांड मामले में जमानत रद्द होने पर प्रतिक्रिया देते हुए मोकामा के विधायक अनंत सिंह ने कहा कि हां, मैं सरेंडर कर दूंगा। मुझे न्यायपालिका पर भरोसा है। कोर्ट जब और जहां भी कहेगा, मैं सरेंडर कर दूंगा...।

मोकामा के विधायक ने कहा कि कोर्ट में मैं सरेंडर करूंगा। जब डेट है, मैं सरेंडर करूंगा। मैं किसी के पास

(शेष पृष्ठ ९ पर)

शिक्षकों का होगा अंतरविश्वविद्यालय तबादला

पटना (आशिप्र)। राज्य के पारंपरिक विश्वविद्यालयों में शिक्षकों का अंतरविश्वविद्यालय तबादला होगा। अंतरविश्वविद्यालय स्थानांतरण से जुड़े आवेदनों पर विचार करने के लिए पांच नवंबर को स्टीयरिंग कमेटी की बैठक होगी। बैठक दोपहर एक बजे बिहार लोक भवन में आयोजित की जायेगी।

राज्यपाल सचिवालय ने इस संबंध में संबंधित पदाधिकारियों को पत्र जारी कर बैठक में शामिल होने का अनुरोध किया है। बैठक में स्थानांतरण के लिए प्राप्त आवेदनों पर विचार-विमर्श किया जायेगा। अंतरविश्वविद्यालय स्थानांतरण के आवेदनों पर विचार करने के लिए संचालन समिति गठित की गयी है। राज्यपाल के आदेश पर गठित इस समिति का उद्देश्य मानवीय और सहानुभूतिपूर्ण आधार पर प्राप्त आवेदनों की समीक्षा कर स्थानांतरण के संबंध में अनुशंसा करना है। राज्यपाल सचिवालय की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, समिति की अध्यक्षता विश्वविद्यालय से संबंधित विशेष सचिव,

(शेष पृष्ठ ९ पर)

यहां भी पढ़ें
website :-
www.ajhindidaily.com
For e-Paper
www.ajhindidaily.com
निःशुल्क ई-पेपर सब्सक्राइब करें

हाजीपुर में एनआईए की बड़ी कारवाई में अधिवक्ता गिरफ्तार

हाजीपुर (आससे) हाजीपुर शहर मे गुरुवार की आधी रात राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए हथियार तस्करी कांड में एक हाई कोर्ट के अधिवक्ता को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अधिवक्ता की पहचान नगर थाना क्षेत्र के एसडीओ रोड निवासी संदीप कुमार सिन्हा उर्फ छोटू लाल के रूप में हुई है, जो पटना हाईकोर्ट में प्रैक्टिस करता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रात करीब एक बजे एनआईए की टीम ने जौहरी बाजार मुख्य सड़क पर घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। बताया जाता है कि छोटू लाल को गिरफ्तारी की भनक पहले ही लग गई थी। इससे बचने के लिए वह देर रात घर से निकलकर जौहरी बाजार पहुंचा था और फरार होने के लिए कार भी मंगाई थी। सड़क किनारे कार का इंतजार करने के दौरान ही पहले से तैनात टीम ने उसे

(शेष पृष्ठ ९ पर)

समर्पित सेवा के 31 वर्ष
निरंगा
अगरबत्ती
देश की खुशबू
आकर्षक हैंडल बैग में..
की
गेरुआ
प्रीमियम धूप



AN ISO 9001:2008 CERTIFIED CO.
वितरक रहित क्षेत्रों में डिस्ट्रीब्यूटरशिप के लिए सम्पर्क करें 6389 004433

Dabur Gulabari
mb Jio Mart SMART BAZAAR
SOAP MELA
Feel Fresh, Save More
LATHER UP THE ROSE WAY



VISIT YOUR NEAREST SMART BAZAAR OR ORDER ONLINE & INDULGE IN ROSE-KISSED CARE.